2021
HINDI
[HONOURS]
Paper : VIII

Full Marks : 100 Time : 4 Hours

The figures in the right-hand margin indicate marks.
Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** का अतिसंक्षिप्त उत्तर दीजिए : 1×5=5

   क) 'रंगभूमि' उपन्यास का प्रमुख पात्र कौन है ?

   ख) 'जालपा' कौन है ?

   ग) झुनिया होरी की कौन है ?

   घ) 'गोदान' का प्रकाशन वर्ष लिखें ।

   ङ) 'सुमन' किस उपन्यास की पात्र है ?

   च) प्रेमाश्रम का प्रकाशन वर्ष लिखिए ।

   छ) 'होरी' किस उपन्यास का प्रतिनिधि पात्र है ?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 2×10=20

   क) प्रेमशंकर किस उपन्यास का पात्र है ? इसका जन्म किस कुल में हुआ था ?

   ख) "प्रथम-मिलन में ही दोनों एक-दूसरे पर अपना-अपना अधिकार जमा चुके थे ।"—इस कथन में किन-दो व्यक्तियों की बात हो रही है ?

   ग) "वे किसान न थे पर खेती करते थे । वह जमींदार न थे पर जमींदारी करते थे ।"—यह कथन किसके बारे में है और किसने कहा है ?

   घ) 'कलम का सिपाही' किसे कहा जाता है ? यह कथन किसका है ?

   ङ) प्रेमचन्द का जन्म कब हुआ था ? उनकी पत्नी का क्या नाम था ?

   च) प्रेमचन्द की उर्दू की वह कौन-सी रचना थी जो जब्त कर ली गई थी ? प्रेमचन्द किस पत्रिका के संपादक थे ?

   छ) 'प्रेमाश्रम' में किस गाँव का वर्णन है ? दयाशंकर कौन है ?

   ज) गोबर और झुनिया किस उपन्यास के पात्र हैं ? इन दोनों में कैसा संबंध है ?

   झ) गोबर के ससुर का नाम लिखें । गोबर किससे विवाह करता है ?

ञ) 'सेवासदन' का मुख्य पात्र का नाम बताते हुए इस उपन्यास में निहित समस्या को लिखिए ।

ट) 'गबन' उपन्यास का प्रमुख पात्र कौन है? इसका प्रकाशन वर्ष लिखें ।

ठ) प्रेमचन्द की मृत्यु कब हुई ? उनको 'प्रेमचन्द' उपनाम किसने दिया ?

ड) सूरदास किस उपन्यास का पात्र है ? इस उपन्यास का प्रकाशन-वर्ष भी लिखें ।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के यथानिर्दिष्ट उत्तर लिखिए : 6×5=30

क) होरी क्या सचमुच किसानी जीवन का सच्चा प्रतिनिधि पात्र है ? अगर 'हाँ' तो कैसे ? संक्षेप में लिखें ।

ख) ''लोग ऊँगली पकड़ते-पकड़ते पहुँचा पकड़ लेते हैं । साहव किरस्तान हैं, धरमसाले में तम्बाकू का गोदाम बनायेंगे, मंदिर में उनके मजूर सोयेंगे, कुएँ पर उनके मजूरों का अड्डा होगा, बहु-बेटियाँ पानी भरने न जा सकेंगी । मेरे बाप-दादों का नाम डूब जायेगा ।''— प्रस्तुत अवतरण की संदर्भ सहित व्याख्या करें ।

ग) 'प्रेमाश्रम' में प्रेमचन्द ने किस समस्या को उठाया है ? संक्षेप में लिखें ।

घ) 'धनिया' का चरित्र एक जुझारू और कर्मठ महिला का है । कैसे ?

ङ) 'सुमन' के माध्यम से किस समस्या को चित्रित किया गया है ? क्या यह आप प्रासंगिक है ?

च) 'जालपा' का चरित्र-चित्रण करें ।

छ) 'रंगभूमि' में प्रेमचन्द ने किस महान नेता का अनुसरण किया है ? और क्यों ? संक्षेप में लिखें ।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के आलोचनात्मक उत्तर लिखिए : 15×3=45

क) ''अपने अनुभवों से प्रेमचन्द ने इस तथ्य को अंत में समझा और होरी के रूप में उन्होंने ऐसे ही किसान का चित्रण किया जो तमाम किसानों का प्रतिनिधि हो सका ।''—इस कथन की युक्तियुक्त समीक्षा करें ।

ख) 'स्त्री-विमर्श' की दृष्टि से 'सेवासदन' उपन्यास की समीक्षा करें ।

ग) 'प्रेमाश्रम' की मूल-समस्या क्या है ? विस्तारपूर्वक विवेचन करें ।

घ) ''रंगभूमि' उपन्यास भूमि अधिग्रहण और औद्योगीकरण के विरोध में लिखा गया एक गाँधीवादी उपन्यास है ।'' कथन के आलोक में तर्कपूर्ण उत्तर दें ।

ङ) ''प्रेमचन्द कलम के मजदूर हैं ।'' पठित उपन्यासों के आधार पर सिद्ध करें ।

च) भ्रष्टाचार की समस्या को केन्द्र में रखकर 'ग़बन' उपन्यास की समीक्षा करें ।

———————